सं0-12/2019/449/55-पर्या-2-2019-12(पर्या)/2018

प्रेषक,

कल्पना अवस्थी,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पर्यावरण, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यावरण अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक : 16 मई, 2019**

विषय-वित्तीय वर्ष 2019-20 में पर्यावरणीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण व जन जागरूकता मद के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर्यावरण निदेशालय के पत्र सं0-22/पर्या/शिक्षा, प्रशि0 व जन जाग0 कार्यक्रम/2019-20, दिनांक 05 अप्रैल, 2019 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त विभाग के वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित शर्तों के अधीन पर्यावरण से सम्बन्धित विभिन्न दिवसों के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जैव-विविधता के पर्यावरणीय महत्व, उसके संरक्षण और अनुवांशिक संसाधनों के उपभोग से होने वाले लाभों के बारे में जन-जागृति पैदा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 मई को अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस, 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, ओजोन परत के क्षरण होने से पृथ्वी तक पहुंचने वाले पराबैंगनी-बी विकिरण की मात्रा में बढ़ोत्तरी से उत्पन्न पर्यावरणीय समस्याओं एवं ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिये "संयुक्त राष्ट्र महासभा'' द्वारा 16 सितम्बर का दिन अन्तरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस तथा अन्य अवसरों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, इसके अंतर्गत संगोष्ठी/ कार्यशाला/ कान्फ्रेन्स, प्रदर्शनी, स्कूली बच्चों की पोस्टर/ भाषण/ क्विज/ स्किट प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर भाषण प्रतियोगिता व रैली इत्यादि का आयोजन, पर्यावरणीय संदेशों का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

समाचार पत्रों/रेडियों के माध्यम से प्रसारण, प्रचार सामग्री जैसे स्टीकर पैम्पलेट, पोस्टर एवं बुकलेट इत्यादि का प्रकाशन एवं वितरण तथा सांस्कृतिक दलों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक/कठपुतली/सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि के आयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रश्नगत मद में प्रावधानित धनराशि रू0 15.00 लाख (रू0 पन्द्रह लाख मात्र) की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक की अनुदान सं0-45 पर्यावरण विभाग के लेखाशीर्षक "3435-परिस्थिति विज्ञान तथा पर्यावरण-03-पर्यावरणीय अनुसंधान तथा पारिस्थितिक पुनरूद्रभवन-003-पर्यावरणीय शिक्षा/ प्रशिक्षण/ विस्तार-03-पर्यावरणीय शिक्षा, प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन-42'अन्य व्यय'' के नामे डाला जायेगा।

भवदीया,

(कल्पना अवस्थी)
प्रमुख सचिव

<u>सं0-12/2019/449(1)/55-पर्या-2-2019-12(पर्या)/18, तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनु0-7/वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1/2
5- नियोजन अनुभाग-4/राज्य योजना आयोग-1
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(भारत प्रसाद)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in